| | | |
|---|---|---|
| | (iii) ऐसे स्ट्रीट; सड़क, सार्वजनिक पुल अथवा काजवे और सड़क मार्ग के किनारे से संपत्ति के पार्श्वस्थ सीमा तक की भूमि से जुड़ा नाला;<br><br>(ध) सचिव जनजातीय कल्याण से अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के जनजातीय कल्याण सचिव/विशेष सचिव, प्रभारी, अभिप्रेत हैं;<br>(न) "अनुसूची" से इस विनियम की अनुसूची अभिप्रेत है;<br><br>(प) "धारा" से विनियम की धारा अभिप्रेत है;<br><br>(फ) "कर" से इस विनियम के तहत उद्ग्रहणीय कर, उपकर, दर अथवा अन्य चुंगी अभिप्रेत है;<br><br>(ब) "संघ राज्य क्षेत्र" से अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है;<br><br>(भ) "ग्राम" से इस विनियम के प्रयोजन हेतु प्रशासक द्वारा सार्वजनिक अधिसूचना के माध्यम से विनिर्दिष्ट जिला के गाँव अभिप्रेत है जिसमें इस प्रकार से विनिर्दिष्ट गाँवों का समूह भी शामिल है;<br><br>(म) "ग्राम परिषद" से धारा 11 के तहत गठित ग्राम परिषद अभिप्रेत है; | |
| | **अध्याय – II**<br>**ग्राम साधारण निकाय** | |
| | 3. प्रशासक अधिसूचना के माध्यम से सरकारी राजपत्र में धारा 2 की उप धारा (V) के तहत प्रत्येक गाँव अथवा गाँवों के समूहों के लिए ग्राम साधारण निकाय गठित करेगा । | ग्राम साधारण निकाय का गठन |
| | 4. (1) ग्राम साधारण निकाय में ग्राम परिषद के क्षेत्र के भीतर आने वाले गाँव अथवा गाँवों के समूह से संबंधित निर्वाचक नामावली में पंजीकृत निकोबारी जनजातीय शामिल हैं;<br><br>बशर्ते कि निकोबारी जनजाति साधारण निकाय के सदस्य होने के लिए निम्न अयोग्यता न रखते हों –<br><br>(क) भारत का नागरिक न हों;<br>(ख) आयु अठारह वर्ष से कम हों;<br>(ग) मानसिक रूप से स्वस्थ न हों और सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो; और<br>(घ) सामान्यतः गाँव जिसके लिए ग्राम साधारण निकाय गठित किया गया है उसके दायरे के भीतर निवास न करता हो । | ग्राम साधारण निकाय का गठन |